प्रेस नोट

दिनांक 28.03.2025

जुम्मा की नमाज के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय हमीरपुर के द्वारा किया गया निरीक्षण।

आज दिनांक 28 मार्च 2025 को श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय हमीरपुर, द्वारा जुम्मा की नमाज के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित प्रमुख मस्जिदों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहें और जनता के साथ समन्वय बनाकर शांति व्यवस्था को बनाए रखें।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का अवलोकन किया। स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की।